भा. कृ. अनु. प. – केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
ICAR - Central Arid Zone Research Institute
जोधपुर (राजस्थान) 342 003/Jodhpur (Rajasthan) 342 003
Website: www.cazri.res.in, Email: director.cazri@icar.gov.in
Phone No. 0291 –2787152(AAO) / 2786485 (CAO)

फाइल संख्या : 11(9)2022-2023/Admn. IV/ दिनांक :21.11.2022

## बेर फलों की नीलामी हेतु निविदा सूचना

भा.कृ.अ.प. – केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर के मुख्य बागवानी क्षेत्र, टेक्नोलोजी पार्क, तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, जोधपुर के बगीचों में बेर की विभिन्न किस्मों के लगभग 1369 बेर के पेड़ लगे हैं एवं जिन पर बेर फल लगे हैं । इन बेर फलों की नीलामी, फलों की ऋतु वर्ष 2022-23 के लिए दिनांक 01.12.2022 को दोपहर :02.30 बजे तक मुहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र, विस्तृत विवरण, नियम व शर्ते इस संस्थान की वेबसाइट www.cazri.res.in पर उपलब्ध है । यदि चाहें तो प्रपत्र संस्थान के कार्य दिवसों में कार्यालय समय के दौरान कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है ।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासन चतुर्थ
वास्ते निदेशक

भा. कृ. अनु. प. – केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
ICAR - Central Arid Zone Research Institute
जोधपुर (राजस्थान) 342 003/Jodhpur (Rajasthan) 342 003
Website: www.cazri.res.in, Email: director.cazri@icar.gov.in
Phone No. 0291 –2787152(AAO)

**फाइल संख्या : 11(9)2022-23/प्रशासन चतुर्थ** **दिनांक : 21.11.2022**

**बेर फलों की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रण पत्र विवरण एवं निर्देशित नियम व शर्तें :**

**निविदा स्वीकार करने की अंतिम दिनांक :** **दिनांक** 01.12.2022 समय दोपहर : 2.30 बजे तक

**निविदा खोलने की दिनांक :** **दिनांक** 01.12.2022 समय दोपहर : 3.00 बजे

**निविदा संबंधी विवरण, नियम व शर्ते इस संस्थान की वेबसाइट** www.cazri.res.in**पर उपलब्ध है । इच्छुक निविदा कर्ता इस वेब साइट से निविदा संबंधी विवरण डाउन लोड कर सकते हैं ।**

प्रेषक :

सहायक प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासन चतुर्थ
भा.कृ.अ.प. –के.शु.क्षे.अ.सं. (काजरी ),
जोधपुर । (राज0 ) 342 003

**सेवा में**

**मैसर्स / श्रीमान्** ——————————————————
——————————————————
——————————————————

**विषय :** भा.कृ. अ.प. –के.शु.क्षे.अ.सं.(काजरी ) जोधपुर के मुख्य बागवानी क्षेत्र, टेक्नोलोजी पार्क, तथा बागवानी क्षेत्र कृषि विज्ञान केन्द्र, जोधपुर के बगीचों में बेर की विभिन्न किस्मों के फलों की ऋतु वर्ष 2022-23 के लिए नीलामी हेतु निविदा।

**प्रिय महोदय,**

इस संस्थान के निदेशक की ओर से भा.कृ.अनु.प. –के.शु.क्षे.अ.सं. (काजरी ), जोधपुर के मुख्य बागवानी क्षेत्र, टेक्नोलोजी पार्क, तथा बागवानी क्षेत्र कृषि विज्ञान केन्द्र, जोधपुर के बगीचों में बेर की विभिन्न किस्मों के फलों की ऋतु वर्ष 2022-23 के लिए नीलामी हेतु मुहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । जिसका विस्तृत विवरण, नियम व शर्ते सलंग्न अनुसार हैं।

**सभी प्रकार से पूर्ण सील बन्द निविदा अद्योहस्ताक्षर कर्त्ता के कार्यालय में दिनांक 01.12.2022 समय दोपहर : 2.30 बजें तक प्रस्तुत कर दी जाये अथवा डाक / कोरियर द्वारा पहुॅच जानी चाहिए । निश्चित अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात निविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी ।**

निविदाएँ दिनांक 01.12.2022 समय दोपहर : 3.00 बजे इस संस्थान की समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के सामने संस्थान के प्रशासनिक सभा भवन में खोली जाएगी ।

भवदीय,

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

सहायक प्रशासनिक अधिकारी (भण्डार)

## नीलामी सामग्री की विवरणी

| कम संख्या | विवरण | बेर के पेड़ों की संख्या | निविदादाता द्वारा निविदा की अंकित बोली/दर (स्पष्ट अंको और शब्दों में अंकित करें) |
|---|---|---|---|
| 1. | **इस संस्थान में बेर की विभिन्न किस्मों के लगभग 1369 पेड़ जिनमें बेर फल लगे हैं । जो कि संस्थान के मुख्य बागवानी क्षेत्र के बगीचे, टेक्नोलोजी पार्क के बगीचे, तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, जोधपुर के बागवानी क्षेत्र में लगे हैं** | **1369पेड़** | (अंको में) ₹..................<br>(शब्दो में) ₹ ..................<br>..................<br>.................. |

**नोट : न्यूनतम सरकारी मूल्य (Govt. minimum reserve price) रूपये 7.00 (सात लाख रखा गया है । इस सरकारी न्यूनतम मूल्यसे कम मूल्य कोट की जानी वाली निविदादाता फर्म/पार्टी की निविदा दर मान्य नहीं होगी ।**

**<u>बेर के फलों की नीलामी हेतु नियम व शर्तें –</u>**

1. उपरोक्त के लिए धरोहर राशि ₹70,000.00(₹ सत्तर हजार मात्र)"ICAR Unit –ICAR-CAZRI, Jodhpur" नाम से राष्ट्रीय अधिकृत बैंक द्वारा जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट (Demand Draft)/बैंकर चैक/पे ऑर्डर के रूप में निविदा के संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आपकी निविदा मान्य नहीं होगी ।

2. सरकार द्वारा निर्धारित बिकी कर/जी.एस.टी.इत्यादि (if applicable) बेर के फलों की नीलामी में सफलतम अधिकतम दर स्वीकृत निविदादाता/ठेकेदार/ फर्म को अतिरिक्त सरकारी नियमानुसार अलग से देना होगा ।

3. इच्छुक निविदाकर्ता उपरोक्त बेर के पेड़ों का निरीक्षण अंतिम दिनांक से पूर्व सभी कार्य दिवसों में कार्यालय समय के दौरान इस संस्थान में उपस्थित होकर कर सकते हैं ।

4. **नीलामी की अन्य शर्ते एवं नियम की कम संख्या 3 में लिखित निर्देशानुसार** निविदा सीलबन्द लिफाफे में उपरोक्तानुसार अंतिम दिनांक व समय तक सहायक प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासन चतुर्थ के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है । डाक संबंधी विलम्ब के लिए काजरी कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी । निविदा पत्र के लिफाफे के ऊपर **<u>बेर के फलों की नीलामी के लिए निविदा</u>"** अवश्य लिखें । निविदा दिनांक **01.12.2022 दोपहर : 3.00 बजे** निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सामने खोली जाएगी । सभी निविदा दाताओं को यह सूचित किया जाता है कि यदि वे अपने अधिकृत प्रतिनिधि को निविदा खोलते समय उपस्थिति हेतु भेजते हैं तो उन्हें अधिकृत पत्र के साथ इस संस्थान में भेजें ।

5. .सफल या उच्चतम निविदा दाता /पार्टी को नीलामी के पश्चात बेर फल तुड़ाई संबंधित कार्य प्रातः 9.00 से दोपहर 3.00 बजे तक इस संस्थान के अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति में किया जायेगा, प्रत्येक पेड़ की उपज का तौल आदि का पूर्ण ब्यौरा रखा जायेगा । फलो की तुड़वाई नीलामी/ठेका अवधि के दौरान ही पेड़ों के बगैर नुक्सान पहुँचाये फलों को तोड़कर ले जाना होगा । सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह अवधि घटायी अथवा बढायी जा सकती है ।

6. बेर की नीलामी में पारित अधिकतम राशि का आधा भाग नीलामी समाप्त होने के तुरन्त बाद एवं आधी राशि फलों की शुरू हो रही पहली तुड़वाई के दिन जमा कराने होंगे ।

7. ठेकेदार/फर्म को इस संस्थान के प्रांगण में एक विकय स्थल रखने की वांछित सुविधा दी जाएगी ।

8. इस संस्थान को अनुसन्धान व अन्य प्रयोजनार्थ निर्धारित **200 किलो ग्राम** बेर के चयनित वेरायटी के अच्छे फलों की बिना मूल्य के आपूर्ति करनी होगी ।

9. अन्य जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर संबंधित वैज्ञानिक/सहायक प्रशासनिक अधिकारी से ले सकते हैं ।

10. नीलामी के सफलतम अधिकतम दर स्वीकृत निविदादाता/फर्म के अतिरिक्त अन्य निविदादाताओं की धरोहर राशि को पंजीकृत डाक से लौटा दिया जाएगा ।

11. निदेशक, काजरी को बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है ।

12. **निविदादाता को इन नियम व शर्तों को हस्ताक्षर कर अपनी फर्म/पार्टी के नाम की मोहर लगाकर निविदा के संलग्न करना अनिवार्य है ।** नियम व शर्तो की प्रतिलिपि इस संस्थान की वेबसाइट www.cazri.res.in.से डाउन लोड की जा सकती है ।

13. अन्य शर्ते नीलामी के दिन निविदा खोलने से पूर्व संस्थान की समिति द्वारा सूचित की जाएगी ।

14. प्रस्तुत की गई निविदा हस्ताक्षरयुक्त होनी चाहिये । बिना हस्ताक्षर के निविदा मान्य नहीं होगी ।

15. नीलामी की स्वीकृत शर्तो में से किसी भी शर्त का ठेकेदार/फर्म द्वारा फल ऋतु 2022-2023 की अवधि के दौरान उल्लंघन किये जाने पर निदेशक को नीलामी/ठेके को निरस्त करने का अधिकार होगा और ठेकेदार/फर्म द्वारा इस संस्थान मे जमा करायी गयी समस्त जमा राशि जब्त समझी जायेगी ।

16. बेर की नीलामी के स्वीकृत ठेकेदार/फर्म अथवा उसके मजदूरों द्वारा बेर के पेड़ों को किसी प्रकार का नुकसान करने पर ठेकेदार/फर्म को निदेशक द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि जमा करानी होगी ।

17. नीलामी की स्वीकृत फर्म / ठेकेदार को नीलामी की स्वीकृत अधिकतम राशि के अलावा सिक्युरिटी राशि (performance security) जो कि नीलामी / ठेके की स्वीकृत अधिकतम राशि का 6 प्रतिशत भी अलग से संस्थान में जमा करनी होगी जो कि नीलामी की शर्तो की अनुपालना व फलों की ऋतु की अवधि पूर्ण होने के पश्चात वापिस देय होगी ।

18. बेर फल तुड़ाई के लिए पेड़ हिलाये नहीं जाएंगे ।

19. नीलामी छोडने या न छोडने का अधिकार निदेशक, भा.कृ.अनु.प. – के0शु0क्षे0अ0सं0, जोधपुर को होगा ।

20. इस नीलामी में बेर फल तौड़ने की अवधि नीलामी की दिनांक से 30 मार्च 2023 अथवा आदेशानुसार मान्य होगी ।

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासन चतुर्थ**
वास्ते निदेशक

*नीलामी/ठेके की अन्य शर्तें एवं नियम –*

1. निविदा पूर्ण विवरण सहित भरी जानी चाहिए, अधुरी कॉट–छॉट और अस्पष्ट निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी ।
2. बेर की नीलामी हेतु निविदा दाता को निविदा प्रपत्र के साथ ₹ 70,000/- (₹ सत्तर हजार मात्र) अमानत राशि (Bid Security) बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/ पे ऑर्डर द्वारा जो कि "ICAR UNIT- ICAR-CAZRI JODHPUR"के नाम देय हो जमा करवाना होगा। अमानत राशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा ।
3. निविदा प्रस्तुत करते समय अमानत राशि (Bid Security) को एक अलग लिफाफे में जिस पर अमानत राशि स्पष्ट अंकित करें तथा चिपका कर बन्द करें तथा अन्य दूसरे लिफाफे में भरी गई निविदा दर, विवरण, नियम व शर्तो तथा चाहे गए अन्य कागजातों सहित चिपका कर बन्द करने के पश्चात उस पर स्पस्ट अक्षरों में बेर फलों की नीलामी हेतु निविदा अंतिम दिनांक एवं समय सहित अंकित करना होगा । दोनो बन्द लिफाफों को तीसरे बड़े लिफाफें में डालकर सील बन्द करना होगा तथा उस प्रस्तुत किये जाने वाले बडे लिफाफे पर स्पष्ट बड़े अक्षरों में बेर फलों की नीलामी हेतु निविदा अवश्य लिखें तथा निविदा प्रस्तुति की अंतिम दिनांक एवं समय तक या इससे पूर्व कार्यालय को प्रस्तुत करें अथवा डाक/कुरियर द्वारा अवश्य पहुँच जानी चाहिए ।
4. निविदा भरते समय ठेकेदार अपना नाम पूर्ण पता मय टेलीफोन/मोबाईल नम्बर एवं पेन संख्या अवश्य लिखें एवं पेन संख्या प्रमाण पत्र की फोटो प्रतिलिपि संलग्न करें अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी ।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी ।
6. कोट की गई दर 90 दिवस की अवधि तक वैद्य रहेंगी ।
7. बिना कारण बताए निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निदेशक, भा.कृ.अनु..प.–के.शु.क्षे.अ.सं. (काजरी) को होगा ।
8. बेर की नीलामी के स्वीकृत सफलतम अधिकतम दर ठेकेदार/फर्म की जिम्मेदारी होगी कि उसके मजदूर सरकारी सम्पति को किसी प्रकार का नुक्सान न पहुँचाए। होने वाले नुक्सान की क्षतिपूर्ति/भरपाई ठेकेदार/फर्म को करनी ठेकेदार को दैनिक कार्यावधि में ही अपने मजदूरों से कार्य करवाना होगा ।
9. बेर फल तोड़ने की कार्यावधि में ठेकेदार/फर्म के किसी श्रमिक/मजदूर इत्यादि को सॉप, बिच्छु या किसी जहरीले जानवर केकाटे जाने या दुर्घटनाग्रस्त होने पर संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
10. किसी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में निर्णय का अन्तिम अधिकार निदेशक, भा.कृ.अनु..प.–के0 शु0 क्षे0 अ0 सं0(काजरी) का ह्रेगा।
11. बेर की नीलामी की स्वीकृत फर्म/पार्टी/ठेकेदार को बेर फल तोड़ने के कार्य के दौरान बेर नीलामी के नियम व शर्तो की अनुपालना तथा बेर नीलामी की स्वीकृत अधिकतम राशि निर्देशित समयानुसार जमा कराने के संबंध में सरकारी आदेशानुसार/ निर्देशानुसार **उचित मूल्य का एक बन्धक वांछित स्टाम्प पेपर पर भरकर नीलामी की दिनांक से 21 दिवस** के भीतर प्रस्तुत करना होगा ।
12. बेर की नीलामी में सफलतम /अधिकतम दर स्वीकृत फर्म/ठेकेदार को ठेके की स्वीकृत अधिकतम राशि के अलावा सिक्यूरिटी राशि(ठेके की राशि का 6 प्रतिशत) भी अलग से जमा करानी होगी जो कि ठेके की समस्त शर्तों की अनुपालना व नीलामी के अन्तर्गत फल तोड़ने की अवधि पूरी होने के पश्चात वापिस देय होगी ।
13. बेर के फलों को तोड़ने के कार्य इत्यादि में लगाये गये व्यक्तियों की सूची संस्थान के संबंधित वैज्ञानिक अथवा सुरक्षा सुपरवाइजर को देनी होगी ।
14. ठेकेदार/फर्म को इस कार्य में लगे अपने श्रमिकों को भारत सरकार/राज्य सरकार के नियमानुसार न्यूनतम मजदूरी इनमें से जो भी अधिक हो, देनी होगी । सभी श्रमिक कानून व नियमों जैसे ESI/EPF/Service Tax etc. का पूर्ण रूप से पालन करना होगा तथा सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये सभी अनुदेशों/श्रम कानूनों न्यूनतम मजदूरी अधिनियम इत्यादि का पूर्ण अनुसरण/निर्वाह करना होगा । न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, श्रमिक कानूनों, नियमों ,अनुदेशों व समय–समय सरकार द्वारा इस संबंध में जारी आदेशों इत्यादि की ठेकेदार द्वारा पालना करनी होगी और उसकी पूर्ण जिम्मेदारी होगी ।
15. काजरी परिसर में जंगली जानवरों, पशु पक्षियों को नुक्सान पहुँचाना या इनका शिकार करना वर्जित है। ऐसा करने वाले ठेकेदार के श्रमिक/व्यक्ति/अथवा संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।
16. सभी विवादों को निपटाने का क्षेत्राधिकार जोधपुर होगा ।
17. COVID-19 नोवल कोरोना कोविड–19 के संबंध में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी आदेशों, दिशा निर्देशों की अनुपालना सख्ती से करनी होगी ।
18. बेर फलों की तुड़वाई संबंधी कार्यों में ठेकेदार द्वारा लगाये गये श्रमिकों की थर्मल स्क्रीनिंग और सेनेटाजेशन अनिवार्य है तथा संस्थान परिसर में बेर फलों की नीलामी संबंधी फील्ड कार्यों के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग भी आवश्यक होगी ।
19. संबंधित ठेकेदार तथा उसके श्रमिकों को मास्क पहनना अनिवार्य है ।
20. संबंधित ठेकेदार को केवल वे ही श्रमिक बेर फलों की तुड़वाई संबंधी कार्यो में लगाने होंगे जिनमें कोरोना वायरस से संबंधित कोई लक्षण नहीं है तथा उन सभी श्रमिको को मुँह पर मास्क, फेश शील्ड, दास्ताने तथा हेण्ड सेनेटाईजर इत्यादि आवश्यक सामान कोरोना बचाव हेतु उपलब्ध कराना होगा ।
21. सभी विवादों को निपटाने का क्षेत्राधिकार जोधपुर होगा ।

सहायक प्रशासकीय अधिकारी, प्रशासन चतुर्थ

वास्ते निदेशक

**Annexure-I**

## फर्म/एजेन्सी का विवरण

1. निविदादाता फर्म/एजेन्सी के प्रोप्राईटर का नाम : ...................................................................................

2. निविदादाता फर्म/एजेन्सी का नाम एवं पूर्ण पता : मैसर्स ....................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................(a copy of address proof document duly self attested should be attached).

3. (अ) टेलीफोन नं. कार्यालयः ........................................ निवासः ............................ मोबाइल नं. ............................

   (ब) ई.मेल पता : ...............................................................................................................................

4. फर्म/एजेन्सी का विवरण : ....................................................................................................

   (साझेदारी डीड/संविधान यदि सोसाइटी है तो) .........................................................................................

5. अधिकृत डीलरशीप/एजेंसी का प्रमाणपत्र नम्बर : ....................................................................................

6. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन (PAN) नम्बर : ..........................................................................................
   (photocopy duly self attested should be attached)

7. फार्म उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा निर्गत सर्विस

8. टैक्स नम्बर/GSTIN/ Form GST REGnumber %--------------------------------------------------------------------------------
   issued by GOI and Govt. of Rajasthan

9. फर्म के बैंक का नाम व पता : ..................................................................................................................

   बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड नम्बर :........................................ बैंक खाता नम्बरः ........................................

   *(सही सूचना के लिए निरस्त चैक की छाया प्रति संलग्न करें)*

10. बिड सिक्युरिटी (Earnest Money)रू. 70,000.00डी0डी0 नम्बरः ................................ दिनांकः ............................

    बैंक का नाम ...........................................जो कि “ICAR Unit-CAZRI, Jodhpur”के पक्ष में देय हो ।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय रबर मोहर

Signature of the bidder with seal